बीएचयू आईआईटी के नवागत निदेशक का जोरदार स्वागत

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के नए निदेशक रुड़की आईआईटी के मैकेनिकल एवं औद्योगिक इंजिनियर प्रो. प्रमोद कुमार ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। प्रो. जैन के आईआईटी बीएचयू पहुंचते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। अगले पांच वर्षों तक प्रो. जैन आईआईटी बीएचयू के निदेशक रहेंगे।

उन्हें यह दायित्व आईआईटी बीएचयू के विजिटर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दिया है। प्रो. जैन ने यूनिवर्सिटी आंफ रु ड़की से ही पढाई की है। उन्होंने 1987 में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग बीई, 1989 में प्रोडक्शन इंजीनियरिंग से एमई और कैप से पीएचडी 1996 में पूरा किया है। वह प्रोफेसर होने के साथ ही कई महत्त्वपूर्ण पदों का भी प्रभार संभाला है। ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन सेंटर, ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग लैब में क्वार्डिनेटर तो डिपार्टमेंट रिसर्च कमेटी और अंडर ग्रेजुएट स्टडी में चेयरमैन के पद पर रह चुके है। प्रो. जैन होबिज क्लब और स्टूडेंट क्लब में मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी भी निभा चुके है। बताते चले कि प्रो. जैन की नियुक्ति पूर्व निदेशक प्रो. राजीव संगल के कार्यकाल पूरा होने के बाद की गई है। प्रो. जैन के कार्यभार संभालने के पहले कुछ दिनों के लिए यह प्रभार धनंजय पांडेय को दिया गया था।

राष्ट्रीय सहारा, 02.08.2018